दिन– शनिवार | दिनांक– 08 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिला भारी बहुमत। पार्टी ने सत्तर में से अड़तालीस सीटों पर जीत दर्ज की। आम आदमी पार्टी बाईस सीटों पर सिमटी।

02. दिल्ली में भाजपा की जीत पर एनडीए के घटक दलों में जश्न का माहौल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की जीत को विकास और सुशासन का जीत बताया।

03. केंद्र सरकार ने कहा – भारत–नेपाल सीमा पर बुनियादी ढांचे को विकसित किया जाएगा और सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाया जाएगा।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग के तहत विभिन्न पदों पर चयनित एक हजार सात अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

---

दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम में भाजपा को भारी बहुमत मिला है। पार्टी ने सत्तर में से अड़तालीस सीटों पर जीत हासिल की है। सरकार बनाने के लिए छत्तीस सीटों की जरूरत है। वहीं, आम आदमी पार्टी को बाईस सीटों पर जीत मिली है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में यह चालीस सीट कम है। कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दलों का खाता भी नहीं खुल सका। आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन और अवध ओझा को हार का सामना करना पड़ा है। निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी ने जीत दर्ज की है।

---

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जदयू और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा है। जदयू ने बुरारी सीट से एनडीए प्रत्याशी के रूप में शैलेन्द्र कुमार को चुनाव मैदान में उतारा था। उन्हें आम आदमी पार्टी से संजीव झा से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, देवली सीट से लोजपा, आर के उम्मीदवार दीपक तंवर को आम आदमी पार्टी के प्रेम चौहान ने छत्तीस हजार से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया।

---

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की भारी जीत पर एनडीए के सभी घटक दलों में जश्न का माहौल है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिले जनादेश के लिए दिल्ली की जनता को धन्यवाद दिया है। पार्टी मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली की जीत भाजपा पर आम लोगों के विश्वास का प्रतीक है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने बिहार की नीतीश कुमार सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि एनडीए का मतलब सुशासन और विकास की गारंटी है।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा कि पार्टी को मिले इस शानदार और ऐतिहासिक जनादेश के लिए वे दिल्लीवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी बहुमत से जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री कुमार ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि दिल्ली की जीत से एक बार फिर साबित हो गया है कि लोगों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटूट भरोसा है।

———बाइट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रसन्नता जताई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने विकास के मुद्दे पर भाजपा को चुना है। उन्होंने कहा कि अब विपक्ष ईवीएम पर अपनी हार का ठीकरा फोड़ेगा।

———बाइट———

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि दिल्ली की जनता पहले से ही आम आदमी पार्टी को हराने का मन बना चुकी थी।

---बाइट---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि दिल्ली की जीत लोगों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास की जीत है।

---बाइट---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा बिहार में भी दो सौ से अधिक सीटें जीत कर दिल्ली की सफलता दोहरायेगी।

---बाइट---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि पूर्वांचल के लोगों का अपमान आम आदमी पार्टी को भारी पड़ा।

---बाइट---

भाजपा नेता और राज्य सरकार के मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि दिल्ली की जीत में बिहार की जनता का संदेश छिपा है कि दो हजार पच्चीस में फिर से राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी।

---बाइट---

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत है। दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को स्वीकारा है।

---बाइट---

---

और अब खबरें महाकुंभ से–

---म्यूजिक---

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले में अब तक इकतालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि लाखों श्रद्धालु अब भी संगम पर पहुंच रहे हैं।

---रिपोर्ट---

महाकुम्भ में तीनों अमृत स्नान, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी के बाद भी, श्रद्धालुओं के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दे रही है। राजनीति, सिनेमा और खेल जगत से जुड़े लोग भी, संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा बॉलीवुड कलाकार अनुपम खेर, हेमा मालिनी और राजकुमार राव, पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, मुक्केबाज विजेंदर सिंह और मैरी कॉम, बैडमिंटन स्टार और ओलंपिक पदक विजेता, साइना नेहवाल ने भी पवित्र संगम में डुबकी लगाई है। इसके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी सोमवार को संगम में पावन डुबकी लगायेंगी। 13 जनवरी से शुरू हुआ यह महाकुंभ का मेला, 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुम्भ मेला समाप्त होने में अभी 18 दिन बाकी और उम्मीद जताई जा रही है कि श्रद्धालुओं की संख्या 50 करोड़ के पार जा सकती है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।

---

भारत–नेपाल सीमा पर बुनियादी ढांचे को विकसित किया जाएगा और सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाया जाएगा। लखनऊ में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में एसएसबी सीमांत मुख्यालय की बैठक में इस पर सहमति बनी। बैठक में नेपाल सीमा पर मानव तस्करी, अपराध और जाली नोट की तस्करी के अलावा अवैध घुसपैठ को रोकने पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग के तहत विभिन्न पदों पर चयनित एक हजार सात अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। श्री कुमार ने एक सौ चौवन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी और आठ सौ तिरेपन प्रखंड कृषि पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किये। मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि कृषि पदाधिकारियों की बिहार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पटना स्थित आईजीआईएमएस अस्पताल भवन के दो ब्लॉक का उद्‌घाटन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्वास्थ्य तथा कृषि मंत्री मंगल पांडेय मौजूद थे।

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व न्यायालयों के आदेश को तत्काल ऑनलाइन करने का आदेश दिया है। विभागीय सचिव जय सिंह ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि ऑफलाइन आदेश लिखने को बंद किया जाए और ऑनलाइन पोर्टल पर ही आदेश लिखे जाएं।

---

तेज पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। धूप खिलने के बावजूद आज दिनभर ठंड का असर बना रहा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। उसके बाद अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है। सुबह के समय राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई जगहों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहास छाये रहने की संभावना है।

———बाइट————

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी कामेश्वर चौपाल का आज अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सुपौल जिले के कमरैल में किया गया। उनके पुत्र विद्यानंद विवेक ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव और पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार बब्लू समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए।

---

इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा आज समाप्त हो गई। परीक्षा में बारह लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा के लिए राज्यभर में एक हजार छह सौ सतहत्तर केन्द्र बनाये गये थे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिला भारी बहुमत। पार्टी ने सत्तर में से अड़तालीस सीटों पर जीत दर्ज की। आम आदमी पार्टी बाईस सीटों पर सिमटी।

02. दिल्ली में भाजपा की जीत पर एनडीए के घटक दलों में जश्न का माहौल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की जीत को विकास और सुशासन का जीत बताया।

03. केंद्र सरकार ने कहा – भारत–नेपाल सीमा पर बुनियादी ढांचे को विकसित किया जाएगा और सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाया जाएगा।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग के तहत विभिन्न पदों पर चयनित एक हजार सात अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।